पत्रिका PLUS

citylive . 14 | square . 15 | screenplay . 16

# नेशनल यूनिवर्सिटीज में आइआइटी इंदौर नंबर-1

**टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2019 में फिजिकल साइंस में आइआइएससी बेंगलुरु के साथ किया टॉप**

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। टाइम्स हायर एजुकेशन ने सब्जेक्ट बेस्ड वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी की है। इसमें फिजिकल साइंसेस (फिजिक्स, मैथेमेटिक्स, स्टेटिक्स, केमेस्ट्री, एस्ट्रोनॉमी) सब्जेक्ट में आइआइटी इंदौर ने बेंगलुरु की इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (आइआइएस) के साथ संयुक्त रूप से फर्स्ट रैंक हासिल की है। इन्हें ग्लोबली 251-300 रैंक के ग्रुप में रखा गया है। दुनियाभर में 963 कॉलेजेस, यूनिवर्सिटीज को विभिन्न मानकों के तहत परखा गया था। 2009 में स्थापित हुई आइआइटी के लिए वर्ल्ड रैंकिंग में शामिल होने का यह पहला मौका है। हालांकि ग्लोबली इस बार भी देश के किसी भी संस्थान ने टॉप 200 में जगह नहीं बनाई है। दुनिया में हॉर्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी क्रमशः फर्स्ट, सेकंड व थर्ड रैंक पर हैं। पहले आइआइटी इंदौर ने टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया था। इस बार 100 रैंक का सुधार हुआ है।




## फिजिकल साइंस रैंक

| संस्थान | 2019 | 2018 |
|---|---|---|
| आइआइएससी बेंगलुरु | 251-300 | 251-300 |
| आइआइटी इंदौर | 251-300 | - |
| सावित्रीबाई फुले विवि पुणे | 301-400 | 501+ |
| आइआइएसइआर पुणे | 401-500 | - |
| आइआइटी बॉम्बे | 401-500 | 401-500 |

## फैक्ट फाइल

**8.6** स्टूडेंट्स हैं प्रति स्टाफ

**15 :85** अनुपात है फिमेल-मेल स्टूडेंट्स का

**1118** एफटीई स्टूडेंट्स हैं मौजूद

## इस तरह मिले अंक

| | |
|---|---|
| टीचिंग | 27.5 |
| रिसर्च | 27.5 |
| साइटेशन | 35.0 |
| इंडस्ट्री इनकम | 02.5 |
| इंटरनेशनल आउटलुक | 07.5 |

## दीक्षांत समारोह 19 को

आइआइटी इंदौर 19 नवंबर को अपना छठा दीक्षांत समारोह मनाएगा। आइआइटी परिसर में होने वाले समारोह में प्रख्यात मैथेमेटिशियन प्रो. एमएस रघुनाथन मुख्य अतिथि रहेंगे। उन्हें पद्मभूषण से नवाजा जा चुका है। वे फैलो ऑफ रॉयल सोसायटी के साथ अमरीकन मैथेमेटिकल सोसायटी और थर्ड वर्ल्ड अकेडमी ऑफ साइंस में भी रह चुके हैं। वर्तमान में वे नेशनल सेंटर फॉर मैथेमेटिक्स, आइआइटी बॉम्बे के हेड हैं। दीक्षांत समारोह में बी.टेक के साथ एमएससी, एमटेक और पीएचडी स्कॉलर्स को सर्टिफिकेट और मेडल्स दिए जाएंगे।

## रिसर्च के कारण मिला दर्जा

आइआइटी डायरेक्टर प्रो. पी माथुर ने कहा, टाइम्स रैंकिंग हमारे लिए दिवाली के तोहफे जैसा है। संस्थान में शुरू से ही रिसर्च पर ही फोकस किया जाता है। इसी का नतीजा है कि टाइम्स हायर एजुकेशन ने हमे दुनिया की टॉप संस्थानों में जगह दी है। दो मुख्य कारण हैं जिनके कारण आइआइटी अन्य संस्थानों से अलग है। पहला संस्थान में रिसर्च के लिए आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। दूसरा दुनियाभर से बेस्ट फैकल्टी चयन को लेकर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया।

Patrika (Indore), 10th November 2018, Patrika Plus, Page-13